19/11/24

# आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार

(बिहार सरकार का एक उपक्रम)
प्रथम तल, उद्योग भवन, पूर्वी गाँधी मैदान, पटना।
Email-md@idabihar.com , Web-www.idabihar.com, Phone/Fax: 0612-2675933,2675935/2675934

पत्रांक :- 5470/Tech | दिनांक :- 20/11/24

प्रेषक,

कार्यपालक अभियंता (तकनीकी),
आई०डी०ए०, पटना।

सेवा में,

**Sky Light Engineering & Construction**
S/o Rameshwar Prasad Gupta,
Flat No.- 3A, Sushila Residency,
Near Shiv Mandir, West Lohanipur,
Post+P.S – Kadamkuan,
Patna – 800003.
Email – skylightengicon@gmail.com
Whats app No.– 9326005323/9471215323

**Sky Light Engineering & Construction**
31F, 'C' Block, Road No.-10,
Rajendra Nagar,
Patna – 800016 (Bihar).

विषय: **Construction of Drain in Industrial Area Katihar के कार्य के असंतोषजनक प्रगति के कारण एकरारनामा विखंडित करने के संबंध में।**

प्रसंग: (1) प्राधिकार का पत्रांक 5322/Tech दिनांक 04.11.2024, प्राधिकार का Mail दिनांक 02.09.2024, पत्रांक 5258/Tech दिनांक 29.10.2024, पत्रांक 5137/Tech दिनांक 21.10.2024, पत्रांक 4957/Tech दिनांक 05.10.2024, पत्रांक 4817/Tech दिनांक 24.09.2024,पत्रांक 4576/Tech दिनांक 07.09.2024, पत्रांक 4426/Tech दिनांक 30.08.2024, पत्रांक 4239/PI दिनांक 20.08.2024, पत्रांक 4202/Tech दिनांक 16.08.2024, पत्रांक 4058/Tech दिनांक 03.08.2024, पत्रांक 3939/Tech दिनांक 27.07.2024, पत्रांक 3348/Tech दिनांक 28.06.2024, पत्रांक 3185/Tech दिनांक 21.06.2024, पत्रांक 2926/Tech दिनांक 10.06.2024, पत्रांक 2903/Tech दिनांक 10.06.2024, पत्रांक 2948/Tech दिनांक 11.06.2024, पत्रांक 2899/Tech दिनांक 08.06.2024, पत्रांक 2830/Tech दिनांक 06.06.2024, पत्रांक 2686/Tech दिनांक 31.05.2024, पत्रांक 2634/Tech दिनांक 27.05.2024, पत्रांक 2513/Tech दिनांक 15.05.2024, पत्रांक 2483/Tech दिनांक 13.05.2024, पत्रांक 2475/Tech दिनांक 11.05.2024, पत्रांक 2449/Tech दिनांक 09.05.2024, पत्रांक 2301/Tech दिनांक 29.04.2024, पत्रांक 2248/Tech दिनांक 25.04.2024, पत्रांक 2103/Tech दिनांक 13.04.2024, पत्रांक 2007/Tech दिनांक 06.04.2024, पत्रांक 1771/Tech दिनांक 23.03.2024, पत्रांक 1419/Tech दिनांक 12.03.2024, पत्रांक 1214/Tech दिनांक 02.03.2024, पत्रांक 996/Tech दिनांक 20.02.2024, पत्रांक 323/Tech दिनांक 16.01.2024 एवं पत्रांक 75/Tech दिनांक 02.01.2024, कनीय अभियंता का पत्रांक – 00 दिनांक 30.08.2024 एंव पत्रांक – 00 दिनांक 28.08.2024.

(2) आपका का पत्रांक – SKY/085/2024 दिनांक 11.09.2024, पत्रांक – SKY/083/2024 दिनांक 09.09.2024, पत्रांक – SKY/076/2024 दिनांक 29.06.2024, पत्रांक – SKY/058/2024 दिनांक 08.06.2024,पत्रांक – SKY/048/2024 दिनांक 04.06.2024, पत्रांक – SKY/041/2024 दिनांक 15.04.2024, पत्रांक – SKY/039/2024 दिनांक 12.04.2024, पत्रांक – SKY/035/2024 दिनांक 25.03.2024, पत्रांक – SKY/030/2024 दिनांक 15.03.2024, पत्रांक – SKY/019/2024 दिनांक 23.02.2024, पत्रांक – SKY/005/2024 दिनांक 22.01.2024, पत्रांक – SKY/009/2024 दिनांक 22.01.2024 एवं पत्रांक – SKY/115/2024 दिनांक 23.12.2023.

महाशय,

उपरोक्त विषयक प्रासंगिक पत्रों का संदर्भ करें। विषयांकित परियोजना का कार्य आपको प्राधिकार के पत्रांक 6210/Tech दिनांक 07.11.2023 के द्वारा आवंटित किया गया है। एकरारनामा के अनुसार उक्त परियोजना के कार्य प्रारंभ की तिथि 22.11.2023 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 21.03.2024 थी, जिसे समाप्त हुए 7 माह व्यतीत हो चुका है। लेकिन अभी तक मात्र लगभग 12.5% कार्य पूर्ण किया गया है। कार्य की प्रगति असंतोषजनक रहने एवं कार्य में तीव्रता लाकर कार्य को शीघ्रातीशीघ्र पूर्ण करने के संबंध में आपको कई बार स्मारित करने के बावजूद आपके द्वारा कार्य में वांछित प्रगति नहीं लाई गई है। विगत कई माह से कार्य की प्रगति अत्यंत मंद है। कार्य में वांछित प्रगति नहीं लाये जाने एवं कार्य में शिथिलता बरतने के कारण आप पर आर्थिक दण्ड लगाये जाने की कार्रवाई भी किया जा चुका है। किन्तु स्थिति यथावत् है।

**उक्त परियोजना को पूर्ण करने के लिए निम्नांकित कार्रवाई की गई :–**

(1) प्राधिकार के तरफ से उक्त कार्य करने हेतु आपको दिनांक क्रमशः 02.12.2023 एवं 01.02.2024 को Drawing निर्गत किया गया है और साथ में प्राधिकार के पत्रांक 996/Tech दिनांक 20.02.2024 के माध्यम से परियोजना के कार्य में अपेक्षित प्रगति अर्थात कार्य को प्रारंभ कर अतिशीघ्र पूर्ण करने को निर्देशित किया गया।

जिसके प्रत्युत्तर में आपके द्वारा पत्रांक सं0 क्रमशः SKY/019/2024 दिनांक 23.02.2024 और SKY/009/2024 दिनांक 22.01.2024 के माध्यम से सूचित किया गया कि कार्यस्थल का Survey कराकर Drain Segment का फार्मा बनवाने का कार्य किया जा रहा है एवं निर्माण कार्य को पूर्ण करने के लिए सुनिश्चित किया जा रहा है।

(2) प्राधिकार के पत्रांक 1214/Tech दिनांक 02.03.2024 के माध्यम से परियोजना के कार्य को प्रारंभ कर अतिशीघ्र पूर्ण करने को निर्देशित किया गया।

अबतक प्रत्युत्तर अप्राप्त है।

(3) प्राधिकार के पत्रांक 1419/Tech दिनांक 12.03.2024 के माध्यम से उक्त परियोजना के कार्य को शुरू नहीं करने एवं कार्य में उदासीनता रवैया रखने और वरीय पदाधिकारीयों के निर्देशों की अवहेलना के कारण डिबार एवं अन्य कार्यवाही के संबंध में स्पष्टीकरण पूछा गया।

जिसके प्रत्युत्तर में आपके द्वारा पत्रांक सं0 SKY/030/2024 दिनांक 15.03.2024 के माध्यम से निर्माण प्रगति पर है अतिशीघ्र ही पूर्ण कर लिए जाने के संबंध में सूचित किया गया, जो भ्रामक एवं तथ्यहीन है।

(4) प्राधिकार के पत्रांक 1771/Tech दिनांक 23.03.2024 के माध्यम से उक्त परियोजना के निर्माण कार्य को शुरू नहीं करने के कारण एकरारनामा को विखंडित करने के संबंध में स्पष्टीकरण पूछा गया।

जिसके प्रत्युत्तर में आपके द्वारा पत्रांक सं0 SKY/035/2024 दिनांक 25.03.2024 के माध्यम से निर्माण कार्य को दिन–रात लग कर के युद्ध स्तर पर जल्द ही खत्म किये जाने के संबंध में सूचित किया गया, जो भ्रामक एवं तथ्यहीन है।

(5) प्राधिकार के पत्रांक 2103/Tech दिनांक 13.04.2024 के माध्यम से अभी तक कार्य पूर्ण नहीं करने एवं निर्माण कार्य में अभिरूचि नहीं लेने के कारण एकरारनामा के SBD के तहत आर्थिक दंड लगाने की सूचना दी गई।

जिसके प्रत्युत्तर में आपके द्वारा पत्रांक सं0 SKY/041/2024 दिनांक 15.04.2024 के माध्यम से निर्माण कार्य को तेजी से किया जा रहा है और दो महिने के अंदर निर्माण कार्य को पूर्ण करने के संबंध में सूचित किया गया जो भ्रामक एवं तथ्यहीन है।

(6) प्राधिकार के पत्रांक 2301/Tech दिनांक 30.04.2024 के माध्यम से निर्माण कार्य पूर्ण नहीं करने एवं कार्य में रूचि नहीं लिए जाने एवं शिथिलता बरतने के कारण आर्थिक दंड लगाये जाने के संबंध में स्पष्टीकरण पूछा गया।

जिसके प्रत्युत्तर अप्राप्त रहने के कारण प्राधिकार के पत्रांक 2449/Tech दिनांक 09.05.2024 के माध्यम से एकरारनामा की राशि का 1% Withheld किया गया।

(7) प्राधिकार के पत्रांक 2513/Tech दिनांक 25.05.2024 एवं पत्रांक 2634/Tech दिनांक 27.05.2024 के माध्यम से अभी तक कार्य पूर्ण नहीं करने एवं समानुपातिक प्रगति नहीं रहने के कारण निबंधन को अगले निविदा में भाग लेने से बंचित (Debar) किये जाने हेतु स्पष्टीकरण पूछा गया।

अबतक प्रतयुत्तर अप्राप्त है।

(8) प्राधिकार के पत्रांक 2686/Tech दिनांक 31.05.2024 के माध्यम से अभी तक कार्य पूर्ण नहीं करने, कार्य में रूचि नहीं लेने, मात्र 11% प्रगति पाये जाने एवं निर्देशों के अवहेलना के कारण एकरारनामा को विखंडित करने के संबंध में स्पष्टीकरण पूछा गया।

जिसके प्रत्युत्तर में आपके द्वारा पत्रांक SKY/048/2024 दिनांक 04.06.2024 के माध्यम से निर्माण कार्य को तीव्र गति से किये जाने के संबंध में सूचित किया गया जो भ्रामक एवं तथ्यहीन है।

(9) प्राधिकार के पत्रांक 2830/Tech दिनांक 06.06.2024 के माध्यम से अभी तक कार्य पूर्ण नहीं करने कार्य में 25 से 30 दिनों तक कोई भी प्रगति नहीं दिखाई देने एवं Laying का कार्य लंबित रखने आदि के कारण Notice दिया गया।

जिसके प्रत्युत्तर में आपके द्वारा पत्रांक SKY/058/2024 दिनांक 08.06.2024 के माध्यम से निर्माण कार्य को तेजी से युद्ध स्तर पर किये जाने के संबंध में सूचित किया गया जो भ्रामक एवं तथ्यहीन है।

(10) प्राधिकार के पत्रांक 2899/Tech दिनांक 08.06.2024 के माध्यम से अभी तक कार्य पूर्ण नहीं करने, 50 दिनों तक कोई भी प्रगति नहीं दिखाई देने, कार्य में रूचि नहीं लेने एवं निर्देशों की अवहेलना के कारण आर्थिक दण्ड लगाये जाने के संबंध में स्पष्टीकरण पूछा गया।

अबतक प्रत्युत्तर अप्राप्त है।

(11) प्राधिकार के पत्रांक 2903/Tech दिनांक 10.06.2024 के माध्यम से परियोजना के कार्य में मात्र 11% भौतिक प्रगति, समानुपातिक प्रगति नहीं पाये जाने और कृत्य कार्य के प्रति लापरवाही दर्शाना आदि के कारण वंचित (Debar) के संबंध में स्पष्टीकरण पूछा गया।

अबतक प्रत्युत्तर अप्राप्त है।

(12) प्राधिकार के पत्रांक 2926/Tech दिनांक 10.06.2024 के माध्यम से 232 नं0 RCC Segment एवं Laying का कार्य अब तक शुरू नहीं किया गया है एवं प्राधिकार को इस तरह से पत्र लिख कर भ्रमित न करें साथ ही निर्देश दिया गया कि परियोजना को जल्द से जल्द पूर्ण करने की सूचना दी गई।

जिसके प्रत्युत्तर में आपके द्वारा पत्रांक SKY/058/2024 दिनांक 08.06.2024 के माध्यम से 450 नं0 RCC Segment Casting, Laying का कार्य शुरू करने, लगातार तेजी से युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। कार्य को जल्द समाप्त कर देगें की सूचिना दी गई जो भ्रामक एवं तथ्यहीन है।

(13) पुनः प्राधिकार के पत्रांक 2948/Tech दिनांक 11.06.2024 के माध्यम से अभी तक कार्य पूर्ण नहीं करने, अकारण विलंब, कार्य में रूचि नहीं लेने और केवल 11% ही कार्य का प्रगति रहने के संबंध में स्पष्टीकरण पूछा गया।

अबतक प्रत्युत्तर अप्राप्त है।

(14) पुनः प्राधिकार के पत्रांक 2899/Tech दिनांक 08.06.2024 के माध्यम से कार्य में समानुपातिक प्रगति नहीं रहने, कार्य पूर्ण नहीं करने, कार्य में रूचि नहीं लिये जाने एवं शिथिलता बरतने के कारण आर्थिक दण्ड लगाये जाने के संबंध में स्पष्टीकरण पूछा गया।

अबतक प्रत्युत्तर अप्राप्त रहने के कारण प्राधिकार के पत्रांक 3185/Tech दिनांक 21.06.2024 के माध्यम से एकरारनामा की राशि का 1% राशि Withheld किया गया।

(15) पुनः प्राधिकार के पत्रांक 3348/Tech दिनांक 28.06.2024 **(स्मार पत्र)** के माध्यम से परियोजना के कार्य में मात्र 11% ही भौतिक प्रगति, कार्य में समानुपातिक प्रगति नहीं पाये जाने और कृत्य कार्य के प्रति लापरवाही दर्शाना आदि कारण वंचित (Debar) के संबंध में स्पष्टीकरण पूछा गया।

अबतक प्रतयुत्तर अप्राप्त है।

(16) (a) पुनः प्राधिकार का पत्रांक 4058/Tech दिनांक 03.08.2024 एवं पत्रांक 4202/Tech दिनांक 16.08.2024 के माध्यम से कार्य में समानुपातिक प्रगति नहीं रहने, कार्य पूर्ण नहीं करने, कार्य में रूचि नहीं लिये जाने एवं शिथिलता बरतने एवं निर्देशों की अवहेलना के कारण आर्थिक दंड लगाये जाने के संबंध में स्पष्टीकरण पूछा गया।

(b) पुनः प्राधिकार के पत्रांक 4239/PI दिनांक 20.08.2024 **(अंतिम स्मार पत्र)** के माध्यम से परियोजना के कार्य में मात्र 12.5% ही भौतिक प्रगति, समानुपातिक प्रगति नहीं पाये जाने और कृत्य कार्य के प्रति लापरवाही दर्शाना आदि कारण वंचित (Debar) के संबंध में स्पष्टीकरण पूछा गया।

जिसके प्रतयुत्तर में आपके द्वारा पत्रांक SKY/076/2024 दिनांक 29.08.2024 के माध्यम से 550 नं0 RCC Segment का Casting एवं लगातार तेजी से युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है जो जल्द समाप्त कर देगें के संबंध में सूचित किया गया जो भ्रामक एवं तथ्यहीन है।

(17) प्राधिकार का पत्रांक 4426/Tech दिनांक 30.08.2024 के माध्यम से कार्य में समानुपातिक प्रगति नहीं रहने, 20 दिनों से कार्यस्थल पर कार्य बन्द पाया जाना, अकारण विलंब, सुसंगत निर्देशों का अनुपालन नहीं किया जाना आदि के कारण एकरारनामा को विखंडित करने के संबंध में स्पष्टीकरण पूछा गया।

अबतक प्रतयुत्तर अप्राप्त है।

(18) पुनः प्राधिकार का पत्रांक 4576/Tech दिनांक 07.09.2024 के माध्यम से कार्यस्थल पर कार्य की प्रगति 12.5% तक ही पाया जाना, बार–बार स्मारित करने के बावजूद कार्य को पूर्ण करने रूचि नहीं लेना, घोरलापरवाही एवं शिथिलता बरतना, वरीय पदाधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना और प्रबंध निदेशक के द्वारा समीक्षात्मक बैठक में खेद व्यक्त करना आदि के कारण एकरारनामा को विखंडित करने के संबंध में स्पष्टीकरण पूछा गया।

जिसके प्रत्युत्तर में आपके द्वारा पत्रांक SKY/085/2024 दिनांक 11.09.2024 एवं SKY/083/2024 दिनांक 09.09.2024 के माध्यम से कार्यस्थल पर श्रमबल एवं निर्माण सामग्री उपलब्ध करवाना, तेजी से युद्ध स्तर पर कार्य किया जाना आदि के संबंध में सूचित किया गया जो भ्रामक एंव तथ्यहीन है।

(19) पुनः प्राधिकार का पत्रांक 5258/Tech दिनांक 29.10.2024 एवं पत्रांक 5322/Tech दिनांक 04.11.2024 (अंतिम स्मार पत्र) के माध्यम से बार–बार स्मारित करने के बावजूद कार्य को पूर्ण करने में कोई रूचि नहीं लेना, विगत 2 से 2.5 महिनों में कार्य बन्द पाया जाना आदि के कारण एकरारनामा को विखंडित करने के संबंध में स्पष्टीकरण पूछा गया।

जिसके प्रत्युत्तर में आपके द्वारा पत्रांक SKY/089/2024 दिनांक 02.11.2024 के माध्यम से कार्यस्थल पर स्थानीय लोगों के द्वारा छठ पुजा के कारण कार्य को रोक दिया गया है फिर से कार्य शुरू कर जल्द से जल्द समाप्त कर देगें जो भ्रामक एंव तथ्यहीन है।

इस प्रकार यह प्रतिवेदित करना है कि निर्माण कार्य को तीव्र गति से कराया जा रहा है और उसे जल्द से जल्द पूरा कर देगें मिथ्या प्रतीत होता है। पूर्व में भी प्राधिकार द्वारा कार्य के संबंध में पूछे गये स्पष्टीकरण के प्रत्युत्तर में आपके द्वारा इसी तरह से मिथ्या आश्वासन दिया गया, जबकि वास्तविकता मे कार्य की प्रगति अपेक्षित नहीं पाई गई।

अतः उपर्युक्त वास्तुस्थिति के आलोक में अभी तक परियोजना का निर्माण पूर्ण नहीं करने, कार्य की असंतोषजनक प्रगति रहने, कार्य में अरूचि लेने, निर्माण कार्य की प्रगति के संबंध में भ्रामक तथ्य प्रस्तुत करने तथा निर्देशों की अवहेलना के आलोक में एकरारनामा के निहित कंडिका Clause- 3 के आलोक में आपके एकरारनामा को Rescind (विखंडित) किया जाता है एंव सुरक्षित जमा राशि (Performance Gaurantee) एंव Security Deposit को जब्त किया जाता है।

विश्वासभाजन

Sd/- 20/11/24

कार्यपालक अभियंता (तकनीकी)

ज्ञापांकः– 5470/Tech दिनांकः–20/11/24

प्रतिलिपि– निदेशक (वित्त), आई0डी0ए0, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

Anoy 20/11/24

कार्यपालक अभियंता (तकनीकी)

ज्ञापांकः– 5470/Tech दिनांकः–20/11/24

प्रतिलिपि– निदेशक (कार्यक्रम कार्यान्वयन), आई0डी0ए0, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

Anoy 20/11/24

कार्यपालक अभियंता (तकनीकी)

ज्ञापांकः– 5470/Tech दिनांकः–20/11/24

प्रतिलिपि– प्रबंध निदेशक, आई0डी0ए0, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

Anoy 20/11/24

कार्यपालक अभियंता (तकनीकी)